इलैक्ट्रो इंडिया

उदयपुर संभाग की बिजली व्यापार डायरेक्ट्री बनेगी, बिजली व्यापारियों को सेन्ट्रक्स सुविधा से जोड़ा

इलेक्ट्रो इंडिया न्यूज

उदयपुर

उदयपुर संभाग की बिजली व्यापार डायरेक्ट्री बनाई जाएगी। उदयपुर इलेक्ट्रिक एसो. से सम्बद्ध 60 व्यापारियों को सेन्ट्रेक्स सुविधा से जोड़ा गया है तथा सभी व्यापारियों को टिन नंबर सेन्ट्रक्स नंबर की सूचि प्रस्तुत की जा चुकी है। एसोसिएशन की पहली साधारण सभा की बैठक के दौरान यह जानकारी सचिव गजेन्द्र जैन द्वारा सदस्यों को दी गई। उल्लेखनीय है कि उदयपुर क्षेत्र के बिजली व्यापारियों कान्ट्रेक्टर्स तथा मैन्यूफेक्चरर्स की गत 20 अगस्त को निर्वाचित कार्यकारिणी की यह पहली साधारण सभा थी। संगठन के अध्यक्ष कल्याणमल जैन के स्वागत भाषण से आरंभ बैठक में जानकारी में लाया गया कि अल्प समय में ही संगठन के प्रति व्यापारियों का विश्वास बढ़ा है तथा 14 नये सदस्य और बनाये गए हैं। अध्यक्ष ने इस मौके पर भावी कार्यक्रमों के लिये विभिन्न समितियों के गठन की भी घोषणा की। बैठक में डाइरेक्ट्री के प्रमुख विजय कुमार जैन ने इस विषय पर संपूर्ण रूपरेखा व्यक्त की वहीं संविधान संशोधन तथा अन्य मुद्दों पर हरीश ओसवाल, हरीश कृष्णानी, प्रहलाद देवपुरा, दिनेश अजमेरी, श्री नाहर, हितेन्द्र जैन, सुशील तलसेरा तथा आशिक अली आदि ने विचार रखे।

संपूर्ण कार्यक्रम का जिम्मा एचपीएल इंडिया द्वारा उठाया गया। संगठन द्वारा कंपनी के पंकज तथा आशीष भट्ट का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम संचालन आशीष कोठारी द्वारा किया गया।